## D.B.G. GOVT. COLLEGE, PANIPAT

**प्रेस रिपोर्ट** **22/08/2025**

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय,पानीपत में World Entrepreneurship Day के अवसर पर Entrepreneurship Development Cell और Placement Cell के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्टार्ट अप , इंकम टैक्स और इन्वेस्टमेंट की सारगर्भित जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. नरसिंह जांगडा ने किया और वर्तमान समय की जरूरत के अनुसार इसका महत्व बताया। Entrepreneurship Development Cell के प्रभारी डॉ. शिवम धवन ने कार्यशाला के मुख्य व्याख्यान वक्ता कुणाल कथूरिया और गौरव से परिचित कराया। कुणाल ने एक सफल Entrepreneur बनने के लिए क्या जरूरी होता है इस पर विचार रखें। Start up पर विस्तार व्याख्यान दिया ,विभिन्न स्कीम और वेबसाइट की जानकारी प्रदान की। गौरव ने इंकम टैक्स और बचत पर विस्तार से समझाया। SEBI से अरुण पूनिया ने इंकम और उसके सही प्रयोग पर विचार-विमर्श किया। उनके द्वारा NISM सर्टिफिकेट कोर्स के लिए विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्रदान की कार्यशाला के दौरान 150 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ.सुनील दत्त,डॉ.कविता जैन, हेमलता मलिक,डॉ. सविता नैन,संदीप कुमार,डॉ. वीना कुमारी,ज्योति शर्मा ,जयकुँवर ने सक्रिय सहभागिता की।

Dr Shivam Dhawan
Entrepreneurship Cell

Ms. Savita Nain
Placement Cell

for PRINCIPAL
D.B.G. Govt. College
Panipat (Haryana)

## D.B.G. GOVT. COLLEGE, PANIPAT

**प्रेस रिपोर्ट** **23/08/2025**

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय,पानीपत में World Entrepreneurship Day के अवसर पर Entrepreneurship Development Cell और Placement Cell के सहयोग से वित्तीय प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें 74 विद्यार्थियों ने भागीदारी की । Entrepreneurship Development Cell के प्रभारी डॉ.शिवम धवन ने डॉ. अनिल पूनिया SEBI (Trainer) के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित करवाई । कार्यशाला में अनिल पूनिया ने वित्तीय साक्षरता और करिअर के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रकाश डाला । यह NISM सर्टिफिकेट कार्यक्रम रहा जिसकी बाजार में अपनी मांग है। यह कार्यशाला अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित की गई जिसमें निवेश और वित्तीय प्रबंधन की पूरी जानकारी दी गई । निवेश का महत्व, वित्तीय निवेश के अवसर, बाजार की मांग, म्युचुअल फण्ड, निवेश करते समय सावधानियां, सिक्यूरिटी बाजार में करिअर जैसे विषयों पर यह एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला रही । वित्तीय शिक्षा के माध्यम से छात्रों ने SEBI के मिशन को जाना । Entrepreneurship Development Cell प्रभारी डॉ. शिवम धवन ने छात्रों की सहभागिता से कार्यशाला का सफल आयोजन किया और भविष्य में ऐसे आयोजनों का आश्वासन दिया जो छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे । पूरी कार्यशाला के दौरान सुधीर पुजारा, डॉ.कविता जैन, हेमलता मलिक,संदीप कुमार जयकंवर शर्मा,ज्योति शर्मा उपस्थित रहे ।

Dr. Shivam Dhawan
Entrepreneurship Cell

Ms. Savita Nain
Placement Cell

for PRINCIPAL
D.B.G. Govt. College
Panipat (Haryana)